**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:30.11.2021**

# PUNJAB KESARI

## जे.सी बोस विश्वविद्यालय में लगभग 100 लोगों ने उठाया कोरोना टीकाकरण का लाभ

### जिम्मेदार नागरिक के रूप में कोविड टीकाकरण को मिलकर सफल बनाएं : कुलपति राज नेहरू



*विश्वविद्यालय में कोरोना टीकाकरण शिविर का जायजा लेते हुए कुलपति राज नेहरू।*

फरीदाबाद, 29 नवम्बर (ब्यूरो): कोविड 19 के खिलाफ लड़ाई के अपने जारी प्रयासों को जारी रखते हुए जे.सी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज विश्वविद्यालय परिसर में एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया, जिसमें 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कोविड 19 टीकाकरण का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लगभग 100 लोगों को कोविड वैक्सीन कोविशील्ड का पहला व दूसरा शॉट दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा अब तक कोविड टीकाकरण के पांच शिविरों का आयोजित किया जा चुका है। इस अवसर पर कुलपति राज नेहरू तथा कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। कोविड 19 टीकाकरण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा की देखरेख में किया गया। टीकाकरण अभियान के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति राज नेहरू ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कोविड संग्रमण से रोकथाम एवं बचाव के लिए कारगर कदम उठाये जा रहे है, जिनका लाभ विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आस-पास के लोगों को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक केंद्रीकृत मु त टीकाकरण नीति अपनाई है जिसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को मु त कोविड 19 टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण ही कोविड संक्रमण के खिलाफलड़ाई में प्रभावी समाधान है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को जि मेदारी के साथ टीकाकरण में हिस्सा लेना चाहिए और टीकाकरण अभियान को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कोविड टीकाकरण के साथ-साथ मास्क लगाने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे उपयुक्त व्यवहार का पालन करें।

**NEWS CLIPPING:30.11.2021**

# HADOTI ADHIKAR

# जिम्मेदार नागरिक के रूप में कोविड टीकाकरण को मिलकर सफल बनाये : कुलपति राज नेहरू

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में 100 लोगों ने उठाया टीकाकरण का लाभ

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 29 नवम्बर। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई के अपने जारी प्रयासों को जारी रखते हुए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा आज विश्वविद्यालय परिसर में विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया, जिसमें 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कोविड-19 टीकाकरण का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लगभग 100 लोगों को कोविड वैक्सीन कोविशील्ड का पहला व दूसरा शॉट दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा अब तक कोविड टीकाकरण के पांच शिविरों का आयोजित किया जा चुका है।



इस अवसर पर कुलपति श्री राज नेहरू तथा कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ अंकुर शर्मा की देखरेख में किया गया।

टीकाकरण अभियान के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति राज नेहरू ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कोविड संग्रमण से रोकथाम एवं बचाव के लिए कारगर कदम उठाये जा रहे है, जिनका लाभ विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आस-पास के लोगों को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एक केंद्रीकृत मुफ्त टीकाकरण नीति अपनाई है जिसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को मुफ्त कोविड-19 टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण ही कोविड संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में प्रभावी समाधान है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING:30.11.2021**

# DAINIK JAGRAN

# अभियान में तेजी, 9591 ने लगवाया टीका

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : जिला स्वास्थ्य विभाग टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के अब टीकाकरण केंद्रों की संख्या बढ़ाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग बैंक प्रबंधकों से संपर्क करके वहां पर टीकाकरण शिविर लगाएगा। ताकि दूसरी डोज के लक्ष्य को जल्द से पूरा किया जा सकें। वहीं सोमवार को 9591 लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाया गया। जेसी बोस यूनिवर्सिटी सहित 54 केंद्रों पर टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग प्रतिदिन 50 से अधिक जगहों पर शिविर लगाकर टीकाकरण अभियान चला रहा है। विभाग लक्ष्य है कि प्रतिदिन 15 हजार टीके लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ताकि 31 दिसंबर से पहले सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जा सकें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग आबादी वाली जगहों जैसे सब्जीमंडी, जिला प्रशासन एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों, लेबर चौक, बस अड्डा और जिले के बड़े चौक चौराहों पर शिविर लगाकर टीका लगाया जा रहा है, लेकिन करीब सात हजार लोगों को ही दूसरी डोज लगवा रहे हैं। अब विभाग बैंक प्रबंधकों से संपर्क करके टीकाकरण शिविर लगाएगा। अधिकारियों का मानना है कि बैंकों में प्रतिदिन अच्छी संख्या में लोगों अपने कार्यों के लिए जाते हैं। इनमें से कई लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें पहली डोज के 84 दिन से अधिक हो गए हैं और दूसरी डोज लगवाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ऐसे लोगों का टीकाकरण किया जाएगा।

**टीकाकरण का सर्टिफिकेट होने पर ही अनुमति दें : स्वास्थ्य विभाग** जल्द ही जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को पत्र लिखकर टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के लिए सहयोग मांगेगा। इसके तहत बैंक प्रबंधकों को यह सुनिश्चित करने की अपील करेगा कि उनके परिसर में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्ति को कोरोना रोधी टीके की दोनों डोज लगी हुई हैं। उन्हें बैंक में प्रवेश करने वालों को दूसरी डोज के प्रमाण पत्र जांच करनी होगी। यदि कोई व्यक्ति दोनों डोज के पाया जाता है, तो शिविर में टीका लगवाएं।



जेसी बोस यूनिवर्सिटी में आयोजित शिविर में कोरोना रोधी टीका लगवाता छात्र। साथ में हैं दाईं तरफ कुलपति राज नेहरू और कुलसचिव एसके गर्ग • सौ. यूनिवर्सिटी पीआरओ

**9591 को लगा टीका**

स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को 2097 को पहली व 7494 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई।

**कोरोना/वैक्सीन मीटर**



| | भारत | हरियाणा | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|
| 24 घंटे में नए मामले | 8,309 | 16 | 1 |
| कुल सक्रिय मामले | 1,03,859 | 142 | 26 |
| 24 घंटे में टीकाकरण | 42.4 लाख | 1,25,368 | 9,591 |
| अब तक कुल टीकाकरण | 123.7 करोड़ | 2,85,73,296 | 27,17,352 |

**NEWS CLIPPING:30.11.2021**

# PIONEER

# जेसी बोस में टीकाकरण शिविर का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**कोविड-19** के खिलाफ लड़ाई के अपने जारी प्रयासों को जारी रखते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा सोमवार को विवि परिसर में एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कोविड-19 टीकाकरण का लाभ उठाया। शिविर के दौरान लगभग 100 लोगों को कोविड वैक्सीन कोविशील्ड का पहला और दूसरा शॉट दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा अब तक कोविड टीकाकरण के पांच शिविरों का आयोजित किया जा चुका है।



**जेसीबोस विश्व विद्यालय में आयोजित शिविर में कोविड-19 का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।**

इस अवसर पर कुलपति श्री राज नेहरू और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र द्वारा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा की देखरेख में किया गया।

टीकाकरण अभियान के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए कुलपति श्री राज नेहरू ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा कोविड संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव के लिए कारगर कदम उठाये जा रहे हैं, जिनका लाभ विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आस-पास के लोगों को भी मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक केंद्रीकृत मुफ्त टीकाकरण नीति अपनाई है जिसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को मुफ्त कोविड-19 टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण ही कोविड संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में प्रभावी समाधान है।

इसलिए, प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी के साथ टीकाकरण में हिस्सा लेना चाहिए और टीकाकरण अभियान को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कोविड टीकाकरण के साथ-साथ मास्क लगाने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे उपायुक्त व्यवहार का पालन करें।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:30.11.2021**

## AMAR UJALA

# सौ विद्यार्थियों को लगा कोरोना का टीका

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में सोमवार को विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कोविड-19 टीकाकरण हुआ। इस दौरान लगभग 100 लोगों को कोरोना बचाव का टीका लगाया गया।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:30.11.2021**

# NAVBHARAT TIMES

## यूनिवर्सिटी में 100 लोगों ने लगवाया टीका

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में सोमवार को टीकाकरण के एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 18 साल से अधिक उम्र के छात्रों व कर्मचारियों को कोरोना बचाव का टीका लगाया गया। इस मौके पर 100 लोगों को कोविशिल्ड वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज लगाई गई। यूनिवर्सिटी की तरफ से अभी तक टीकाकरण के 5 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इस मौके पर कुलपति श्रीराज नेहरू, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने छात्रों व कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया।